जगद्गुरु श्रीत्रिदण्डिग्रन्थमाला का ३१वां पुष्प

श्रीसीतारामाभ्यां नमः

आञ्जनेय चिन्तन

: लेखक :

विद्यावाचस्पति, महामहोपाध्याय-डा० उमारमणझा

एम. ए. न्यायाचार्य, पी.एच.डी. डी. लिट्

उपाचार्य तथा दर्शन विभागाध्यक्ष

श्रीरणवीर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, शास्त्रीनगर जम्मूतवी

सम्पादक
स्वामी रामेश्वरानन्दाचार्य
आचार्यपीठ श्रीकोसलेन्द्रमठ, अहमदाबाद ३८०००७

सहसम्पादक-शास्त्री श्रीशरच्चन्द्र राज्यगुरु वेदान्तव्याकरणाचार्य
डा० बाबू राम शर्मा एम. ए. पी.एच. डी.

व्यवस्थापक
स्वामी हरिप्रसादाचार्य

सर्वाधिकारसुरक्षित

प्रकाशक
जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यपीठ श्रीकोसलेन्द्रमठ पो० पालडी
अहमदाबाद ३८०००७
श्रीरामानन्दाब्द-६८६ विक्रमाब्द २०४३ श्रीरामनवमी १९८६

❀ भूमिका ❀

गणपतिमभिवन्द्यं सर्वदानन्दकन्दम्
कनकरुचिररूपं वक्रतुण्डं विचित्रम् ।
धवलकुसुमहारं शोभमानं गजेन्द्रम्
निखिलकलिमलघ्नं हासमानं नमामि ॥१॥

नगपतिपतिपुत्रो¹ मित्रपुत्रान् कलत्रम्
अवतु भुवि सनाथो दानवारिः प्रसन्नः ।
धनजनसुखपूर्णान् यः क्षमो नः प्रकर्तुं
स भवतु भवभूत्यै भूरिशो भालचन्द्रः ॥२॥

यतोऽज्ञाननाशो विकासो नराणाम्
सुखं चार्थसिद्धिर्ध्रुवं भूति-लाभः ।
भवन्ति प्रतापः प्रकीर्ति-प्रपूर्तिः
नतोऽहं गणेशं प्रभुं तं प्रसन्नम् ॥३॥

ससीतं राघवं नत्वा रामानन्दं जगद्गुरुम् ।
मारुतेश्चिन्तनं किञ्चित्क्रियतेऽत्र यथामति ॥४॥

वन्दे प्रतापनिलयं कनकाचलाभम्,
साक्षात्कृतान्तमशिवं समरेऽसुराणाम् ।
वातात्मजं परमसुन्दरमाञ्जनेयम्,
श्रीरामभक्तमतुलं नकुलाय तेजः ॥५॥

परमब्रह्म भगवान् श्रीराम के अनन्य भक्त श्रीहनुमान्‌जी की चर्चा वैदिक साहित्य, रामायण, महाभरत, पुराण तथा विभिन्न साहित्य ग्रन्थों में मिलती है। वस्तुतः आदि कवि वाल्मीकि ने जो पवनपुत्र आञ्जनेय के स्वरूप पर प्रकाश डाला है, वह अद्वितीय है।

---

(१) नगपतेः कैलासस्य पतिः शंङ्करः तस्य पुत्रः ।

बहुत दिनों से भक्त श्रीहनुमान् के विषय में लिखने की इच्छा चली आ रही थी, और उनके विषय में मैंने कुछ हस्त-लिखित ग्रन्थों से कुछ स्तोत्रों का भी संग्रह कर लिया फिर श्रीहनुमान्जी के विभिन्न स्वरूपों पर भी विचार किया। भक्तराज हनुमान्, वीर हनुमान् सेवक हनुमान्, ज्ञानी हनुमान् के रूप में उनके स्वरूपों पर पौराणिक ग्रन्थों के आधार पर विचार किया गया है।

इस ग्रन्थ में श्रीराम–भक्त हनुमान् के विवेचन से पूर्व पर ब्रह्म श्रीराम के विषय में भी थोड़ा सा प्रकाश डाला गया है। उसके बाद आञ्जनेय के कुछ स्तोत्र तथा उनके पूजाविधान के विषय में भी यथोचित विचार यहाँ व्यक्त कर दिया गये है।

इस ग्रन्थ को लिखने का लक्ष्य मात्र भक्तजनों की संतुष्टि ही है अगर इस पुस्तक को पढ़ने से सुधीजन तथा अन्य सहृदय भी प्रसन्न होंगें तो मेरा श्रम और भी सफल माना जायगा।

परमपूज्य प्रातः स्मरणीय योगिराट् श्रीसम्भारिबाबा को सादर प्रणाम करके भक्तों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। क्योंकि उनके ही सहयोग एवं उचित उत्साहवर्धक वाक्यों से इस कार्य को करने में मैं समर्थ होसका।

इस ग्रन्थ में मैं अपने सभी शोधच्छात्रों छात्रों तथा शिशुजनों को आशीर्वाद ही देता हूँ तथा श्रीहनुमान्जी से प्रार्थना कराक हूँ कि वे उनकी सतत रक्षा करें।

इस ग्रन्थ के प्रकाशन के लिए जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य पीठ श्रीकोशलेन्द्रमठ अहमदाबाद तथा विश्रामद्वारिकास्थ श्री शेषमठपोरबन्दरके आचार्य स्वामीरामेश्वरानन्दाचार्यजीका मैं आभारी हूँ। सर्वेश्वर श्रीरामउन्हे चिरायुएवं यशस्वी रक्खें।

जम्बूतवी विदुषाँ वशंवदः

३०।११।१९८५ उमारमण झा

❁ परब्रह्म श्रीराम ❁

तमीश्वराणां परमं महेश्वरं तं देवतानां परमं च दैवतम् ।
पतिं पतीनां परमं परस्तात् विदाम रामं भुवनेशमीड्यम् ॥

वस्तुतः श्वेताश्वतर उपनिषद् का यह स्तोत्र मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र के लिए सहि लगता है । योगीलोग भी उसी राम में लीन होना चाहते हैं । "रमन्ते योगिनोऽस्मिन् इति रामः" ऐसा कहकर योगीयों के लिए भी आराध्य देव श्री रामचन्द्र ही हैं ।

श्रीमद्भागवत के अनुसार-

वदन्ति तत्तत्त्वविदस्तत्त्वं यद्ज्ञानमद्वयम् ।
ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति शब्द्यते ॥ (भाग १-२-१२)

अतएव भगवान् श्री रामही ब्रह्म और परमात्मा हैं । उनकी ही शक्ती से इस ब्रह्माण्ड के चराचर वस्तुओं में सञ्चार होता है ।

शास्त्र में भगवान् का लक्षण इस प्रकार है—

उत्पत्तिं च विनाशं च भूतानामगतिं गतिम् ।
वेत्ति विद्यामविद्यां च स वाच्यो भगवानिति ॥

अर्थात् जो सम्पूर्ण प्राणीयों की उत्पत्ति, विनाश, विद्या-अविद्या तथा गमनागमन को सहि रूप से जानता है वहि भगवान् हैं ।

अर्थात् भगवान् सर्वव्यापी तथा सर्वशक्तिमान् हैं। किन्तु अधिकारी के भेद से उपासन की दृढता के लिए (१) निर्गुण निराकार सच्चिदानन्दस्वरूप (२) सगुणनिराकार (३) सगुण-साकार और (४) सगुण-साकार लीलाविग्रहावतार ये चार भगवान् के भेद किये गये हैं । "सर्वेषामवताराणामवतारीरघूत्तमः" इस आगम वचनुसार सर्वावतारी सर्वेश्वर श्रीरामचन्द्रजी ही हैं तथा साधारण जन

उपासना सौलभ्य के लिये चौथे भेद के अन्तर्गत सगुण साकार लीलाविग्रहावतार मार्यादापुरुपोत्तम श्रीरामचन्द्रजी हैं।

मर्त्यलोक में अधर्म को हटाकर धर्म की स्थापना के लिए सगुण साकार लीलाविग्रह श्री राम कृष्णादिका स्वरूप है। भगवान् श्रीरामचन्द्रजी भी धर्मव्यवस्थार्थ और प्राणियों के उद्धार के लिए अवतरित हुए। इसलिए जगद्गुरु श्रीतुलसीदासजी ने लिखा है—

केवट निसिचर विहगमृग किए साधु समानि।
तुलसी रघुवर की कृपा सकल सुमंगल खानि॥
(दोहावली–२२८)

अर्थात भगवान् श्रीराम की कृपा सुमंगलों की खान है। उस श्री रामकृपा ने केवट राक्षस (विभीषण), पक्षी (जटायु) और पशुओ बन्दर भालुओं को भी सम्मान देकर साधु बनादिया

परब्रह्म स्वरूप भगवत्तत्त्व यद्यपि एक ही है लेकिन लोग उन्हें अलग अलग देखते हैं। इसलिए भगवान् ने ठीक ही कहा है—

"ये यथा मां प्रपद्यन्ते तां तथैव भजाम्यहम।"

अर्थात् मुझे जो जिस रूप में भजता है उसे मैं उसी रूप में मिल्ता हूँ। ज. गु. श्रीतुलसीदासजी ने भी श्रीकृष्ण को देखकर कहा था—

"तुलसी मस्तक तब झुके धनुषबाण लियो हाथ।"

अर्थात् श्रीतुलसीदासजी श्रीरामजी के रूप में भगवान् को देखना चाहते थे। और उसी समय मुरलीधर श्रीकृष्ण धनुधारी श्रीराम बनकर उनके सामने प्रकट हो गये। इसका कारण उस देवता की महाशक्ति है। वस्तुतः परमात्मा के पुरुषवाचक सभी स्वरूप इन्हीं अनादि अनिर्वचनीया सर्वशक्तिमयी. परमेश्वरी आद्या महाशक्ति के परिणाम हैं।

जब तक महाशक्ति अपनी माया शक्ति को अपने भीतर छिपाये रखती है, उससे कोई क्रिया नहीं करती, तबतक वह निष्क्रिय शुद्ध ब्रह्म है। यहीं महाशक्ति जब उसे विकासोन्मुख करके एक से अनेक होने का संकल्प करती है तब स्वयं ही पुरुषरूप में मानो अपनी ही प्रकृतिरूपयोनि में संकल्प के द्वारा चेतनरूप बीज स्थापन करके सगुण बन जाती है। यही महा· शक्ति विश्वरूप विराट् शक्ति बन जाती है। इस सृष्टि निर्माण में स्थूल निर्माता प्रजापति के रूप में आप ही अंशावतार के भाव से सृष्टिकर्ता ब्रह्मा, पालनकर्ता विष्णु और संहारकर्ता रुद्र का रूप धारण करती है। यों—

"श्रीरामसान्निध्यवशाज्जदानन्ददायिनी।
उत्पत्तिस्थितिसंहारकारिणी सर्वदेहिनाम्।
सा सीता भवति ज्ञेया मूल प्रकृतिसंज्ञिता॥
प्रणवत्वात् प्रकृतिरितिवदन्ति ब्रह्मवादिनः॥"

यह अथर्वणश्रुति तथा—

"जासु अंश उपजहिं गुनखानी। अगनित लच्छि उमा ब्रह्मानी। भ्रूकुटि विलास जासु जग होई। राम बामदिशि सीता सोई॥" आदि मानस के तत्त्वानुसन्धान करने पर "सींता तत्त्वमुपास्महे" ही सर्वाधार भूताशक्ति स्थिर होती है ये ब्रह्मा विष्णु और शिव प्रभृति अंशावतार भी किसी कल्प में दुर्गा रूपसे, किसी कल्प में श्रीराम के रूप से. और किसी कल्प में श्रीकृष्णादि रूपसे अवतरित होते हैं। एक ही शक्ति विभिन्न नामरूपों से सृष्टि रचना करती है।

शक्ति और शक्तिमान् में अभिन्नता है। महाशक्ति ही सभी प्राणियों में गति सञ्चार करती है। महाशक्ति ही सभी कारणों के कारण है। सृष्टि पालन और संहारकारिणी महाशक्ति ही है।

"उद्भवस्थिति संहारकारिणी क्लेशहारिणीम् ।
सर्वश्रेयस्करींसीतां नतोऽहंरामवल्लभाम् ॥"
मानस का यह महा वाक्य सर्व विदित ही है ।

परब्रह्म-शक्तिमान् भगवान् के असंख्य अवतार हो चुके हैं जिनमें २४ अवतार प्रसिद्ध हैं। मत्स्य, कच्छप, वराह, वामन, नृसिंह, परशुराम. राम, बलराम-कृष्ण बुद्ध तथा कल्कि ये दश उन अवतारों में अत्यन्त प्रसिद्ध हैं ।

मत्स्यावतार में भगवान् ने वैवस्वत मनु सत्यव्रत की रक्षा की थी और नवीन सृष्टि के बीजों का आरम्भ किया था ।

समुद्रमन्थन के समय कूर्मावतार हुआ था। वराह अवतार में वेदों की रक्षा कर हिरण्याक्ष का भगवान् ने दमन किया । नृसिंहावतार में प्रल्हाद की रक्षा की और हिरण्यकशिपु का वध किया था । परशुरामावतार में अज्ञानरूप दंभ आदि के प्रतीक सहस्रार्जुन प्रभृति क्षत्रियों का नाश हुका था ।

श्रीरामावतारमें भगवान् ने रावणादि असुरों का वध किया था। भगवान् राम समस्त दैवी गुणों के आश्रय कहे गये हैं । वे अनन्त गुणगणनिलय हैं ।

"ज्ञानशक्तिबलैश्वर्यवीर्यतेजांसिषड्गुणाः ।
भगत्वेनेरिताः सन्ति श्रीरामे भगवान् स तत् ॥
श्रीरामे भगवच्छब्दोमुख्यवृत्त्या प्रवर्तते ।
गौण एव स चान्यत्र षड्विधैश्वर्यलेशतः ॥"

इत्यादिरूप से श्रीरामतत्त्व का निरूपण जगद्गुरु श्रीगङ्गाधराचार्यजी ने किया है ।

वही परमात्मातत्त्व जब शीलशक्ति-सौन्दर्य विमण्डित हो कर ऐश्वर्यादि षड्गुणविशिष्टता के द्वारा सर्वजन सुलभ नामरूप को धारण कर लेता है तब भगवान् इस शब्द का वाचक बन

जाता है (विष्णुपु. ६.५.७४) फिर तो भगवान् श्रीरामकी पूर्व कथित "सोइ सच्चिदानन्द घन रामा" इससे सर्वावतारित्व प्रस्फुट ही है। और श्रीकृष्ण की भी सत्यं ज्ञानमनन्तं यद् ब्रह्मज्योतिः सनातनम् से भगवत् तत्त्व से अभिन्नता सहज ही बोधित होने लगती है। गीता में अर्जुन ने भी वास्तविक बोध होजाने पर उस तत्त्व से अभिन्न श्री कृष्ण के लिए कहा है—

परं ब्रह्म परं धाम पवित्रं परमं भवान् ।
पुरुषं शाश्वतं दिव्यमादिदेवमजं विभुम् ॥
आहुस्त्वामृषयः सर्वे देवर्षिनारदस्तथा ।
असितो देवलोव्यासः स्वयं चैव ब्रवीषि मे ॥

भागवत के प्रथम स्कन्ध में ही स्पष्ट कर दिया गया है कि 'तत्त्व (ज्ञान) ब्रह्म परमात्मा और भगवान् पर्याय है। (श्री मद्भा. १.२.११) इस प्रकार "घटघट व्यापक राम" और "सर्वं ब्रह्ममयं जगत्" एवं "निज प्रभुमय देखहि जगत" कहा है। गोस्वामी श्री तुलसीदासजी ने श्रीराम को ही परब्रह्म मान कर लिखा है—

व्यापक एक ब्रह्म अविनासी । सत चेतन घन आनन्द रासी ॥
आदि अन्त कोउ जासु न पावा। मति अनुमान निगम जस गावा॥
बिनु पद चलै सुनै बिनु काना। कर बिनु कर्म करै विधि नाना॥
आनन रहित सकल रस भोगी। बिनु बानी वक्ता बड़ जोगी ॥
तनु बिनु परस नयन बिनु देखा। ग्रहै घ्राण बिनु बास अशेषा ॥
अस सब भांति अलौकिक करनी। महिमा तासु जाइ किमि बरनी॥

वेही परब्रह्म रूप राम अपने स्वरूप के परिचायक ६ गुणों से युक्त होकर भगवान् के रूप में प्रकट हुए थे-

ज्ञान शक्ति बलैश्वर्यवीर्यतेजांस्यशेषतः ।
भगवच्छब्दवाच्यानि विना हेयैर्गुणादिभिः ॥
(विष्णुपुराण ६.५.७९)

अर्थात् ज्ञान, शक्ति, बल, ऐश्वर्य, तेज और वीर्य ये ६ गुणों से युक्त ही भगवान् होते हैं। रामायण में "सीता लक्ष्मी-र्भवान् विष्णुः" कहा गया है। (रामा. ६.११७.२९) और भी रूपिणी यस्य पार्श्वस्था सीतेति प्रथिता जनैः। (हरिवंश. १४१। ११९) वही पुनः श्रीराधाकृष्ण भी हुए हैं—

सा तु साक्षान्महालक्ष्मी कृष्णो नारायणः प्रभुः।
नैतयोर्विद्यते भेदः स्वल्पोऽपि मुनिसत्तम ॥

अब हम श्रीरामचन्द्रजी में भगवत्तत्त्वकी समीक्षा करते हैं हमारा श्रीरामचरितमानस मर्यादा-पुरुषोत्तम भगवान् श्री रामचन्द्रजी की परब्रह्मता के साथ उनके आदर्श मानवीय चरित्रों का भी प्रतिपादन करता है। वस्तुतः अखिल ब्रह्माण्ड नायक के लिए मानवीयचरित्र का अभिनय एक विचित्र कार्य है।

श्रीराम के मानवचरित्र का मूलकारण महारानी शतरूपा का मिला हुआ वरदान है। इसमें भगवत्तत्त्व के रूप विधान का दर्शन मनु महाराज की तपस्या से करें। महाराज मनु प्रभु के ही समान पुत्र की कामना करते हैं-"चाहउ तुम्हहिं समान सुत" और महारानी शतरूपा ने कहा-नाथ ! चतुरनृप ने जो वर मांगा वह मुझे प्रिय है किन्तु आप ब्रह्म हैं। अतः इस रूप में आप मेरे पुत्र होंगे इसमें मुझे सन्देह है लेकिन आपने एवमस्तु कहकर वरदान दे दिया है। महारानी शतरूपा को कौशल्या रूप में ये ६ वरदान मिला है। उन्होंने मांगा भी था—

सोई सुख, सोइ गति, सोइ भगति, सोइ निज चरण सनेहु।
सोइ विवेक, सोइ रहनि प्रभु हमहि कृपा करि देहु।

(१) सोइ सुख-व्यापक ब्रह्म निरञ्जननिर्गुण विगत विनोद।
सो अज प्रेम भगति वस कौसल्या के गोद ॥

(२) सोइ गति ज्ञान-स्तुति करि न जाइ भय माना।
जगत पिता मैं सुत करि जाना ॥

निगम नेति सिव अंत न पावा
ताहि धरै जननी हठि धावा ॥

(३) सोइ भगति–सुख सन्दोह मोह पर ज्ञान गिरा गोतीत ।
दंपति परम प्रेम बस कर सिसु चरित पुनीत ॥

(४) सोइ निज चरणसनेहु–तन पुलकित मन वचन न आवा ।
नयन मूंदि चरननि सिर नावा ॥

(५) सोइ विवेक–बारबार कौसल्या विनय करइ कर जोरि ।
अब जनि कबहुँ व्यापे प्रभु मोहि माया तोरि ॥

(६) सोइ रहनि–एकबार जननी अन्हवाए ।
करि सिंगार पलना पौढाए ॥
निज कुल इष्टदेव भगवाना । पूजा हेतु कीन्ह अस्नाना ॥
करि पूजा नैवेद्य चढावा ॥

इस प्रकार शतरूपा के ६ वरदानों की प्राप्ति कराने में भगवत् तत्त्व का सर्वत्र प्रदर्शन होता है ।

एकबार कुल के इष्टदेव श्रीरंगजी को कौसल्याजी नैवेद्य रखकर पूजा करती है । जब वह उनके मन्दिर में जाती है तो वहाँ छोटा सा बालक रामको भोग पदार्थो को खाते हुए देखकर चकित हो जाती है कि पलना से अपने आप असमर्थ बालक कैसे मन्दिर आगया । जब दौड़कर वह पलने के पास आती है तो वहाँ–इहाँ उहाँ दुइ बालक देखा ।
मति भ्रम मोर कि आन विसेषा ॥

यहाँ भगवान् श्रीरामने "तुरीयमेव केवलम्" का ऐश्वर्य प्रकट किया है । यह कथमपि मानवचरित्र में संभव नहीं हो सकता है । विश्वामित्र के यज्ञ रक्षा के समय–"एकहि बान प्राण हरि लीन्हा" दीन जानि तेहि निज पद दीन्हा । यहाँ निज पद प्रदान करना ऐश्वर्य बोधक है । अपने चरणरज से अहल्या का उद्धार करना भी पराशक्ति का द्योतक है । जनकजी ने जब राम और लक्ष्मण के बिषय में पूछा–

ब्रह्म जो निगम नेति कही गावा। उभय वेष धरि की सोई आवा॥

इस पर विश्वामित्रजी कहते हैं—

कह मुनि विहँसि कहेउ नृप नीका। बचन तुम्हार न होई अलीका॥

भगवान् श्रीराम के विवाह में देवताओं के कपट भेष में आनेपर उनका मानसिक पूजन करना और आसन प्रदान करना भगवान् श्रीराम की भगवत्ता का प्रकाशन करना है—

"सुर लखे राम सुजान पूजे मानसिक आसन दिये।"

अरण्यकाण्ड में सुतीक्ष्ण शबरी गीध आदि के प्रकरणों में भी श्रीराम में भगवत् तत्त्व का प्रदर्शन होता है। गीध को श्रीरामजी ने कहा था—"राम कहा तनु राखहु ताता।"

"तनु तजि तात जाहुमम धामा।"

कहा है। किष्किन्धा में श्रीहनुमानजी के मिलने पर तथा वालि के शब्दों में सुस्पष्टतया भगवत् तत्त्व को देखते हैं—

"जन्म जन्म मुनि जतनु कराहीं। अंत राम कहि आवत नाहीं॥
जासु नाम बल शंकर कासी। देत सबहि सम गति अविनासी॥
सो नयन गोचर जासु गुन नित नेति अहि श्रुति गावहीं॥"

इसी प्रकार लङ्का में विभीषण मन्दोदरी, त्रिजटा, कुम्भकरण आदि के द्वारा भगवत्ता का प्रदर्शन हुआ है। रावणवध के बाद ब्रह्मादिक देवताओं के द्वारा स्तुति से भगवत् स्वरूप का स्पष्टीकरण होता है।

वेद के अनुसार सबों के मूल में एक अद्वितीय सर्वव्यापक, समर्थ परमात्मशक्ति की सत्ता है। वह निराकार होते हुए भी निर्गुण और सगुण दोनों हैं। उसी से जगत् की उत्पत्ति हुई है। वही सबका आधार और अधीश्वर है। उसके विराट् स्वरूप का वर्णन भी वेद में है। ये सब ज.गु. श्रीतुलसीदासजी

के श्रीराम में भी विद्यमान है। श्रीतुलसीदासजी श्रीरामजी को ब्रह्म मानते हैं (२।९३)

वस्तुतः परमात्मा सच्चिदानन्दस्वरूप, निर्गुण, अनादि, अनन्त. अक्षर, अकल, अनीह, निर्विकार, निरञ्जन, निरूपाधि, अगोचर और गुणातीत है। वे ज्ञान, बल, बुद्धि ऐश्वर्य दया, कृपा, भक्तवत्सलता आदि दिव्य गुणवाले हैं। वे सर्वशक्तिमान् सर्वव्यापक, सर्वान्तर्यामी, सर्वज्ञ, सर्वरूप, और सर्वशासक हैं। जगत के वे ही कर्ता, धर्ता और संहर्ता है। सृष्टि उन्ही की लीला विलास है। यहाँ भी सर्वव्यापी "सिय राममय सब जग जानी" कहा गया है। श्रीतुलसीदासजी के मत में साक्षात्परब्रह्म भक्तहितकारी दशरथ पुत्र श्रीरामचन्द्रजी हैं। (रा. मा. १.११८)

जो स्वयं आनन्दरूप, उपाधि और उपमा रहित हैं जिसके अंश से अनेक शिव और ब्रह्मा उत्पन्न होते हैं, जिसके स्मरण मात्र से अज्ञान मिट जाता है वही सर्वज्ञ श्रीराम हैं। (रा. मा. १.५२.४) वे प्रभु होकर भी सेवक तथा भक्त पर अनुग्रह करते हैं (रा. मा. १.१४३.५.७) यद्यपि वे अकाम है तथापि भक्त के विरह दुःख से दुःखित रहते हैं। (रा. मा. १.७५.२)

भगवान् ने जब अंगद की प्रीति के विषय में सुना तो वे उसके प्रेम में मग्न हो गये। अयोध्या लौटने पर दयासिन्धु भगवान् अपने अनेकरूप धारण कर क्षणभर में सबसे मिललिये यह मर्म किसी ने भी नहीं जाना। (७.५.७) रावण भी श्री राम में भगवत्ता का अनुमान करता है। "सुर रंजन भंजन महिभारा। जौं भगवन्त लीन्ह अवतारा।" इत्याकारसे।

भगवती श्रीसीता श्रीराम की परम शक्ति है। वेही उनकी प्रिया हैं। (रा. मा. १.१८.७.३) श्री राम और श्रीसीता अभिन्न हैं। जैसे सूर्य और प्रभा का सम्बन्ध है चन्द्रमा और

चन्द्रिका का सम्बन्ध है वैसे ही श्रीराम और श्रीसीताजी का सम्बन्ध है (रा. मा. २.९७.३, १.१८) । वे श्रीराम की आदि शक्ति जगन्मूला है । (१।१४८।१) वे विश्व का उद्भव पालन और संहार करनेवाली है । वे जगज्जननी जगदम्बा है । उनके भृकुटि विलास से ही विश्व निर्मित हो जाता है । त्रिदेव शक्तियाँ उनके अंशमात्र से उत्पन्न हो जाते हैं । इस प्रकार भगवान् श्रीराम परम ऐश्वर्य सम्पन्न हैं । उनके अवतार का प्रयोजन पृथ्वी के भारस्वरूप (सन्तों के दुःखदायी) राक्षसों का वध करना था । इस प्रकार श्रीरामोपासना में सर्वशक्तिमान् जगदादिकारण की ही उपासना है अन्य की नहीं ।

श्रीमद्भागवत में श्रीहनुमान्‌जी ने आदिपुरुष महापुरुष भगवान् श्रीरामजी को प्रणाम इस प्रकार से किया है—

सुरोऽसुरोवाप्यथवानरो नरः सर्वात्मनायः सुकृतज्ञमुत्तमम् ।
भजेत रामं मनुजाकृतिं हरिं य उत्तराननयत् कोसलान् दिवमिति ॥
(श्रीमद्भा. ५.१९.८)

अर्थात् सुर असुर, वानर, नर रूप सभी प्राणीयों को जो अपने दिव्य धाम साकेत में ले गये उस परम पुरुष श्रीराम को नमस्कार है । श्री शुकदेवजी ने भी कहा है—

भगवानात्मनात्मानं राम उत्तमकल्पकैः ।
सर्वदेवमयंदेवमीज आचार्यवान् मखैः ॥

प्रकृत श्लोक की शुकार्यमतदीपिका में जगद्गुरु श्रीगङ्गाधराचार्यजी लिखते हैं—भगवान् श्रीराम उत्तमकल्पकैः श्रीवशिष्ठ प्रभृति यज्ञकल्पविद्भिरुत्तमयाजकैर्याजितैर्मखैः सर्वदेवमयं सर्वदेव स्वरूपमाचार्यवान् सन् देवं स्वमात्मानमेवाऽऽत्मनैवेजे स्वातिरिक्तपरमपुरुषाभावेऽपि स्वात्मानमात्मनैव लोकशिशिक्षयेष्टवानित्यर्थः" (श्रीमद्भागवत ९.११.१)

अर्थात् आचार्यवान् होकर भगवान् श्रीरामजी ने उत्तम सामग्री से श्रीवशिष्ठादि महर्षि के अध्यक्षपने में पूर्ण यज्ञद्वारा सर्वदेवमय देव यानी अपनी ही आत्मा का पूजन अपने से ही किया। क्योंकि अपने से अतिरिक्त परपुरुष के अभाव में किस की पूजा की जा सकती ? अतः महर्षि ने लिखा 'आत्मनाऽऽत्मानम्।'

अगस्त्य संहिता के अनुसार—"सर्वेषामवताराणामवतारी रघूत्तमः" हैं तो श्रीरामजी में सर्वातिशायित्व प्रस्फुटही है।

रामस्तवराज में श्री व्यासजी ने कहा है—

धर्मराज महाभाग श्रृणु वक्ष्यामि तत्त्वतः।
यत्परं यद् गुणातीतं यज्ज्योतिरमलं शिवम्॥
तदेव परमं तत्त्वं कैवल्यपदकारणम्।
श्रीरामेति परं जाप्यं तारकं ब्रह्मसंज्ञकम्॥

अर्थात् कैवल्यपद के कारण स्वरूप गुणातीत स्वयं प्रकाशस्वरूप मंगलस्वरूप, ब्रह्मपदवाच्य, सर्वजन तारक भगवान् परमतत्त्व श्रीरामजी ही जप और ध्यान के योग्य हैं।

इस प्रकार रामोपासना का आधारभूत तत्त्व परब्रह्मतत्त्व ही हैं जो सर्वव्यापक, अन्तर्यामी, त्रिगुणातीत, चराचर जगत् के स्रष्टा धर्ता और संहर्ता होते हुये भी

"सर्वे प्रपत्तेरधिकारिणः सदा शक्ता अशक्ता पदयोर्जगत्प्रभोः।
अपेक्षते तत्र कुलं वलं च नो न चापि कालो न च शुद्धतापि वै॥"
(श्रीवैष्णवमताब्जभास्कर ४।५०)

इस जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी के लोकोत्तर चमत्कारक दिव्य घोषणा के अनुसार सर्वशरण्य श्रीरामप्रपन्न सर्वजीवों से सुलभ हैं।

रामाय विष्णुरूपाय ब्रह्मणे परमात्मने।
समर्प्यतेऽत्र वाक् पुष्पमुमारमणशर्मणा॥

❀

श्रीहनुमान् का प्राचीन साहित्य में चर्चा

ऋग्वेद में एक स्थल पर श्रीहनुमान् की चर्चा हुई है—

"ममच्चन ते मघवन् व्यंसो निविविध्वां अप हनू जघान।"

ऋ. ४.१८.१९

अर्थात् इन्द्र ने श्रीहनुमान् के चिबुक पर प्रहार किया। और वाद में उस कपीश्वर को पुनः चिबुक जोड़ दिया गया जिससे वे श्रीहनुमान् कहलाये। वाल्मीकि रामायण में भी इस बात की पुष्टि की गई है—

मत्करोत्सृष्टवज्रेण हनुरस्य यथा हतः।
नाम्ना वै कपि शार्दूलो भविता हनुमानिति ॥ वा. रा. ७.३६.११

अर्थात् इन्द्र ने कहा-मेरे द्वारा चलाये गए वज्र से इनकी हनु टूटी है, इसलिए अव इन ढुड्डी (चिबुक) पर किसी के प्रहार का असर नहीं होगा और यह कपिशार्दूल हनुमान् नाम से प्रसिद्ध होगा। इन्हें ब्रह्मा का भी वरदान मिला कि इनका शरीर ब्रह्मास्त्र से भी प्रभावित नहीं होगा। इनपर अस्त्र या शस्त्र का प्रभाव नहीं पडेगा।

तथैव श्रीमैथिली महोपनिषद् के पांचवें उपनिषद् में श्रीराम मन्त्रराज के परंपराप्रसंग में सर्वेश्वरी श्रीजानकीजी ने मुनीश्वरों को कहा है-"इममेव मनुं पूर्वं साकेतपतिर्मामवोचत्। अहं हनुमते मम प्रियाय प्रियतराय।" यही षडक्षर श्रीराममन्त्र श्रीसाकेत के पति-स्वामी सर्वेश्वर श्रीरामचन्द्रजी ने मुझे कहा अर्थात् सविधि उपदेश दिया, मैंने मेरे प्रियातिप्रिय सेवक श्रीहनुमान्‌जीको सविधि उपदेश दिया। इसी का अविकल उल्लेख श्रीवाल्मीकि संहिता में मिलता है-"आद्यां शक्तिमहादेवीं श्रीसीतां जनकात्मजाम्। तारकं मन्त्रराजं तु श्रावयामास ईश्वरः। जानकी तु जगन्माता हनूमन्तं गुणाकरम्। श्रावयामास नूनं स ब्रह्मणं सुधियां

वरम्" । २.३३-३४ इस प्रकार श्रीहनुमानजी का उल्लेख वैदिक साहित्य में यत्र तत्र प्रचूर मात्र में उपलब्ध होता है ।

ब्रह्मवैमर्तपुराण के अनुसार श्रीहनुमान् की नजर में लंका वानर के शिशु के समान तुच्छ, समुद्र पेसावजल के समान थोडा धरातल छोटे कटोरे के समान और रावण की सेना चींटियों के समान लगते थे । ब्र. वै. पु० ६२.७५-७६

अध्यात्म रामायण में श्रीहनुमान्जी का द्वादश नाम का मन्त्र इस प्रकार है-

हनुमानञ्जनीसूनुर्वायुपुत्रो महाबलः ।
रामेष्टः फाल्गुनसखः पिङ्गाक्षोऽमितविक्रमः ॥
उदधिक्रमणश्चैव सीताशोकविनाशनः ।
लक्ष्मणप्राणदाता च दशग्रीवस्य दर्पहा ॥
एवं द्वादशनामानि कपीन्द्रस्य महात्मनः ।
स्वापकाले प्रबोधे च यात्राकाले च यः पठेत् ॥
तस्य सर्वभयं नास्ति रणे च विजयी भवेत् ।
राजद्वारे गह्वरे च भयं नास्ति कदाचन ॥

आ. रा ८.१३.८.११

श्रीहनुमान् का जन्म चैत्र मास के शुक्लपक्ष की पूर्णिमा तिथि को मघा नक्षत्र में हुआ था—

"चैत्रे मासि सिते पक्षे पूर्णिमायां शुचौ तिथौ। नक्षत्रे स समुत्पन्नो हनुमान् रिपुसूदनः ।" आनन्द रामायण सार. १३.१६२

"स्वात्यां कुजे शैवतिथौ तु कार्तिके कृष्णेऽञ्जनागर्भत एव मेषके । श्रीमान् कपीट्प्रादुरभूत् परन्तपो व्रतादिना तत्र तदुत्सवं चरेत् ॥'

(श्रीवैष्णवमताब्जभास्कर ४.३२)

यानी कार्तिकमास कृष्णपक्ष चतुर्दशीतिथि मंगलवार तथा मेष लग्न के उदय अर्थात् सायंकाल में शत्रुसन्तापक श्रीमान् कपीश्वर श्रीहनुमान्जी अंजना के गर्भसे आविर्भूत हुये । इस

शुभ तिथि में भक्तलोग श्रीहनुमान्‌जी का व्रत पूजनादि करें। ऐसा विधान श्रीआचार्य चरणका है। यों उक्त दोनों ही तिथि श्रीहनुमान्‌जी के अवतार तिथि के रूप में प्रचलित हैं तथापि जनसाधारण में अधिक प्रचलित कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी है इसी तिथि में अयोध्या आदि प्रमुख तीर्थ स्थान तथा आचार्य-पीठोंमें जयन्ती मनाई जाती है।

❋ जन्मकथा ❋

श्रीहनुमान्‌जी को अंजनीपुत्र, पवनसुत, शंकर सुवन तथा केसरीनन्दन आदि नाम से जाना जाता है। यहाँ एक कथा इस प्रकार है–

"पुंजिकस्थला" नाम की एक सुन्दरी अप्सरा थी। उसने एक तपस्वी ऋषि का उपहास कर दिया। उस तपस्वी महात्मा ने उस अप्सरा को शाप दिया कि तुम बन्दर वन जा। अप्सरा डर से काँपने लगी और क्षमा याचना करने लगी। ऋषि ने कहा "शाप के कारण तुम्हें वानरी रूप में रहना ही पडेगा परन्तु तुम इच्छानुसार मनुष्य रूप भी धारण कर सकोगी। वही कपि योनि में कुंजर की पुत्री अंजना के रूप में उत्पन्न हुई और उनका विवाह कपिराज केसरी के साथ हुआ। निःसन्तान होने के कारण वे दोनों बहुत दुःखी थे।

इधर ब्रह्माने दुःखी होकर श्रीशंकर के पास कहा हे प्रभो! भगवान् विष्णु आदि देवों से अवध्य रावणादि राक्षसों के नाश केलिए सर्वावतारी सर्वेश्वर श्रीरामजी ने हमारी प्रार्थना सुन ली है। अव आप भी हमें मदत करें। भगवान् शङ्कर ने कहा–ठीक है। मैं भी सहयोग करुंगा। भगवान् शङ्कर को विष्णु के मोहिनीं रूप का दर्शन करने की इच्छा हुई। फिर भगवान् विष्णु ने मोहिनी रूप धारण किया। कामवासना से ओतप्रोत

शङ्कर उस मोहिनी के पीछे दौड़ने लगे। भगवान् शङ्कर में कामो-त्तेजना बढ़ती गयी और उनका तेजस्खलित हो गया। सप्तर्षियों ने पत्ते के दोने में शङ्करजी के तेज को संगृहीत करके श्रीराम-कार्य की सिद्धि के लिए कान के द्वारा अञ्जना के गर्भ में रख दिया। उसी के कारण आञ्जनेय, शंकरसुवन तथा केसरीनन्दन आदि उनके नाम हैं।

चैत्र शुक्ल पूर्णिमा पक्षान्तर में कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी मंगलवार को अञ्जना के गर्भ से भगवान् शङ्कर ने वानर रूप से अवतार ग्रहण किया था। गोस्वामी श्री तुलसीदासजी ने दोहा-वली में लिखा है—

जेहि सरीर रति राम सों सोइ आदरहिं सुजान।
रुद्र देह तजि नेह बस संकर भे हनुमान।
जांनि राम सेवा सरस समुझि करव अनुमान।
पुरुषा ते सेवक भए हर ते भए हनुमान॥

(दोहावली—१४२—१४३)

जामवन्तने कहा है कि श्रीहनुमान् की सिद्धि करने पर सब कार्य सफल हो जाते हैं—

कवन सो काज कठिन जग माही।
जो नहिं होइ तात तुम पाँही॥

ब्रह्माजी ने हनुमान् जी को वरदान दिया था कि तुम पर ब्रह्मशाप का असर नहीं होगा। शस्त्र से तुम्हारे शरीर का कोई भी अंग नहीं टूटेगा। इन्द्र ने हनुमान्जी के कंठ में कभी न मुरझाने वाली कमलों की माला दी और उन्हें आशीर्वाद दिया कि अब उनके शरीर पर वज्र का भी असर नहीं होगा। सूर्यदेव ने कहा कि यह अद्वितीय विद्वान् और वक्ता होगा। कुवेर ने कहा मेरी गदा का प्रहार भी इनपर व्यर्थ होगा। भगवान् शङ्कर ने उन्हें अवध्य होने का वचन दिया। विश्वकर्मा ने कहा मेरे द्वारा बनाये गये अस्त्रशस्त्रों का प्रभाव इन पर नहीं पडेगा।

श्रीरामजी की विजय सत्व गुण की तामस गुण पर विजय है जिसमें श्रीहनुमान्‌जी साथ हैं। हनुमान् का प्रेम निःस्वार्थ है। मातृशक्ति पर श्रीहनुमान्‌जी को बहुत विश्वास है। उत्तर काण्ड में गोस्वामी श्रीतुलसीदासजी ने कहा है—पुण्यं पापहरं सदा शिवकरं विज्ञान भक्तिप्रदम्। और उसका मूल स्रोत श्रीहनु-मान्‌जी ही है जो श्रीराम के दूत के रूप में प्रकट हुए हैं।

* रुद्रावतार हनुमान् *

कुछ विद्वानों के अनुसार हनुमान् भगवान् शङ्कर के रुद्रा-वतार हैं। १६ वीं शताब्दी के विद्वान् पं० नीलकण्ठ दीक्षित ने "मन्त्ररामायण" नामक ग्रन्थ में इस कथा की पुष्टि की है। ऋग्वेद में एक मन्त्र इस प्रकार है—

स रुद्रेभिरवशस्तवार ऋभ्वां हित्वी गयमारे अवद्य आगात्।
वम्रस्य मन्ये मिथुना विवव्री अन्नमभीत्यारोदयन्मुपायन॥
(ऋग्वेद १०.९.९५)

सः-अवशस्तवारः=वह श्री राम प्रतिकूल वनवास काल को हित्वा=पारकरके रावणरूपचोर के द्वारा हरण की गयी अन्नम्=पृथ्वी रूपा श्रीसीता को अभीत्य=प्राप्त किया। अरोदयत्—दशमास तक रावण के पास रहनेवाली श्रीसीता रोने लगी। फिर लोकापवाद के लिए अग्नि परीक्षा करके अवद्य ओर=उन्हें निर्दोष मानकर ऋभ्ना =ऋत अर्थात् सत्य पतिव्रता सीताके साथ रुद्रेभिः=हनुमान् आदि वानरों के साथ गयम् आगात्=अयोध्या चले गये। प्रकृत मन्त्र का बोधायन महर्षि श्रीपुरुषोत्तमाचार्यजी सम्पादित वेदरहस्यम् के ५वें मन्त्र के रूप में समावेश है। वेदरहस्यम् में जगद्गुरु श्री राघवानन्दाचार्यजी (वि॰ सं. १२०६–१३९६) ने रहस्यमार्तण्ड भाष्य लिखा है। उसमें इस मन्त्र को श्रीरामचरित का मूल सूचकतया निरूपण करते हुये 'रुद्रेभिः' का व्याख्यान "हनुमदा-

दिभिः सहायैः सहैव" किया है अतः यह स्पटतर है कि श्री हनुमानजी रुद्रावतार हैं ।

अगस्त्य संहिता में भी श्रीहनुमान्जी को रुद्रावतार के रूप में स्वीकार किया गया है । शिव महापुराण (२०वाँ अध्याय शतरुद्र संहिता) के अनुसार भी ये शिव के पुत्र हैं । वंगीय महाभागवतपुराण में भी श्रीहनुमानजी को रुद्रावतार माना गया है।

वृहद्धर्म पुराण के अनुसार जब भगवान् विष्णु अर्थात् सर्वावतारी श्रीराम विष्णु आदि अन्य देवोंसे अवध्य रावण के संहार करने के लिए दशरथ नन्दन श्रीराम के रूप में अवतार लेने लगे तो शिवजी ने कहा था कि वे वानररूप में विष्णु की सहायता करेंगे—

अहं वानररूपेण संभूय पवनात्मजः ।
साहाय्यं ते करिष्यामि ... ... ॥

भविष्यपुराण के अनुसार (भ. पु. चतुर्थखण्ड १३.३१.३६) श्रीहनुमान्जी के पिता केसरी थे लेकिन रुद्र तथा वायु उनको उत्पन्न करने में सहायक थे ।

भविष्य पुराण में कथा है कि शिव का रुद्र तेज केसरी के मुख में प्रवेश कर गया। फिर केसरी लगातार १२ वर्षों तक अञ्जना के साथ संभोग करते रहे और फिर अञ्जना गर्भवती हुई जिससे हनुमान् उत्पन्न हुए ।

हनुमन्नाटक (अङ्क ५.३३) के आनुसार आञ्जनेय हनुमान् शङ्कर के ही रुद्र रूप हैं इस महानाटक में कहा गया है कि रावण ने दश सिर चढाकर दस रुद्रों को प्रसन्न कर लिया था। लेकिन ग्यारहवां रुद्र को रावण ने मानो अपमान ही किया जिसके कारण श्रीहनुमानजी ने ग्यारहवें रुद्र के रूप में लङ्का का विनाश कर दिया ।

बंगाल के कृतिवासीय रामायण में भी इस कथा की पुष्टी हुई है। गोस्वामी जी ने भी दोहावली में लिखा है—

जेहि सरीर रति राम सो सोइ आदरहिं सुजान।
रुद्र देह तजि नेह वस शंकर भे हनुमान ॥ (दोहा १४२.३)

नारसारोपनिषद् के अनुसार

"मकाराक्षरसंभूतः शिवस्तु हनुमान् स्मृतः।"

अर्थात् मकार अक्षर रूप शिव ही श्रीहनुमान्जी हैं। इसलिए वहीं पर आगे कहा गया है—

ॐ यो ह वै श्रीपरमात्मा नारायणः स भगवान् मकारवाच्यः शिवस्वरूपो हनूमान् भूर्भुवः स्वः तस्मै वै नमो नमः। ना.सा.३.३

शिवजी आदित्यों में वासुदेव और वानरों में हनुमान हैं-

"आदित्यानां वासुदेवो हनुमान् वानरेषु च।"

स्कन्दपुराण के अनुसार भगवान शंकर अपने भक्त अनुचर शिलाद ऋषि के पुत्र रूप में नन्दी बनकर उत्पन्न हुये। वही एकादश रुद्र रूप श्रीहनुमान् हैं—

शिलादतनयो नन्दी शिवस्यानुचरः प्रियः।
यो वै चैकादशो रुद्रो हनुमान् स महाऋषिः ॥
अवतीर्णः सहायार्थं विष्णोरमिततेजसः।

स्क. पु. मा. के. ८।९९-१००

शिवपुराण के अनुसार एकबार भगवान् शिवजी विष्णु के मोहिनीरूप पर आकृष्ट होकर कामवाण से आहत हुये। उसी समय उनका तेज श्रीरामकार्य सम्पादनार्थ स्खलित हुआ सप्तर्षियो ने उस तेज को एक पत्र में रख लिया। गौतम की पुत्री अञ्जनीं (जो केसरी की पत्नी थी) के गर्भ में कान द्वारा प्रवेश कराकर रख दिया। भगवान् शिव का वही तेज अत्यन्त बलवान तथा पराक्रमी श्रीहनुमान हैं। (शि.पु. २०।३-७)

श्रीविद्यार्णव और सुदर्शन संहिता में भी कहा गया है-

बालैक ब्रह्मचर्याय रुद्रमूर्तिधराय च ।

अर्थात् आबालब्रह्मचर्य रुद्रमूर्ति हनुमान को नमस्कार है ।

शिवपुराण से उन्हें "शिवावतार:" "रुद्रांश:" महादेवात्मज और शंभु कहा गया है। (शिव पु० २०।९, २०।१२, २०।३२ २०।७) नारदपुराण में "प्रसन्न मूर्तिस्तरुण: शिवांश:" कहा गया है । (ना. पु. तृतीय ७९।३५३) और वहीं पुन:-

लोकोत्तरगुण: श्रीमान् पातुत्र्यम्बकसम्भव: ।

कहकर उन्हें त्र्यम्बक शिव से उत्पन्न माना गया है ।

वायुपुराण में भी कहा गया है-

कार्तिक स्यासिते पक्षे स्वात्यां भौमे च मारुति: ।
मेषलग्नेऽञ्जनागर्भात् स्वयं जातो हर: शिव: ।।

गोस्वामी श्रीतुलसीदासजी ने भी दोहावली में लिखा है—

जेहि शरीर रति राम सो, सोइ आदर हि सुजान ।
रुद्र देह तजि नेह बस, बानर भे हनुमान ।।

इसलिए यह ठीक ही कहा गया है कि

मकाराक्षर सम्भूत: शिवस्तु हनुमान् स्मृत: ।

अर्थात् शिव के ही अंश हनुमान् हैं ।

* कथा *

श्रीहनुमान्जी के प्रसंग में अनेक कथाएहैं यहाँ अति संक्षेप से कुछ कथाओं का संकेत करता हूँ ।

एकबार श्रीहनुमानजी को श्रीरामचन्द्रजी ने सबसे प्रिय रत्नहार उपहार में दिया। श्रीहनुमानजी उस हार के एक-एक मणि को चूर चूर कर उसमें श्रीरामजी को ढूढने लगे । इस पर किसी ने हनुमान से पूछा-क्या आप के शरीर में राम नाम लिखा

है ? इस पर हनुमानजी ने अपने वज्रनख से अपनी छाती का चमड़ा उधेड दिया और सबों को दिखा दियाकि उनके रोम रोम में श्रीराम लिखा हुआ था। इसलिए कविने ठीक ही लिखाहै–

राम माथ, मुकुट राम, राम सिर, नयन राम,
राम कान, नासा राम ठोढ़ी राम–नाम है।
राम कंठ, कंध राम, राम भुजा बाजूबंद
राम हृदय अलंकार, हार राम नाम है॥
राम उदर, नाभि राम, राम कटी. कटी सूत,
राम बसन जंघ राम, जानु पैर राम नाम है।
राम मन वचन राम, राम गदा कटक राम,
मारुति के रोम–रोम व्यापक राम नाम है॥

इस प्रकार श्रीराम से ओतप्रोत श्रीहनुमानजी का सम्पूर्ण शरीर तथा उनके आयुध है।

स्कन्द पुराण के अवन्तीखण्ड में कथा है कि ऋषियों ने उन्हें शाप दिया था जिस कारण हनुमानजी अपने पराक्रम को भूल जाते हैं बाली के अपराध को देखकर भी उसे नहीं मारने का भी यही कारण है। मुनियोंने हनुमानजी के इस विषय में श्रीराम से कहा था—

न बले विद्यते तुल्यो न गतौ न मतावपि।
अमोघवाक्यैः शापस्तु दत्तोऽस्य मुनिभिः पुरा॥
न ज्ञातं हि बलं येन बलिना वालिमर्दने। (अ. ७९.२१.२२)

हनुमानजी ने अनेक तीर्थों की भी स्थापना की थी। अवन्तीखण्ड के ८३वें अध्याय में कथा है कि श्रीहनुमानजी स्वयं अपने हाथों ब्रह्महत्या के परिमार्जनार्थ नर्मदा के तट पर 'हनुमन्तेश्वर' लिङ्ग की स्थापना की थी।

स्कन्दपुराण के ब्रह्मखण्ड के अनुसार रामेश्वर लिङ्ग की स्थापना के लिए हनुमानने ही कैलाश से शिवलिङ्ग लाया था।

शुभमुहूर्त्त में हनुमानजी के न लौटने पर श्रीसीताजी द्वारा निर्मित सैकत लिङ्ग की स्थापना कर दी गयी। जब हनुमान कैलाश से शिव प्रदत्त "लिङ्ग" लेकर पहुँचेतो वे बडे दुःखी हुए। बादमें श्रीरामचन्द्रजी ने उस लिङ्ग की भी स्थापना की जो 'हनुमल्लिङ्ग' के नाम से प्रसिद्ध है।

उत्तरं रामनाथस्य लिङ्गस्वेनाहृतं पुरा।
आज्ञया रामचन्द्रस्य स्थापयामास वायुजः॥ ब्रह्मखण्ड ४६.७७

स्कन्दपुराण के ब्रह्मखण्ड के अनुसार गन्धमादन पर्वत पर हनुमत्कुण्डं नामक पवित्र तीर्थ है—

सर्वलोकोपकाराय हनुमान् मारुतात्मजः।
सर्वतीर्थोत्तमंचक्रे स्वनाम्ना तीर्थमुत्तमम्॥ (स्क. ब्रह्मखण्ड १५.३)

एक बार नारद के मन में उत्कण्ठा हुई कि भगवान् के सबसे अधिक प्रिय कौन हैं। नारद तीनों लोकों में भटकते रहे। इन्द्र, ब्रह्मा प्रल्हाद आदि के पास भी गये। अन्त में प्रह्लाद ने नारद को बताया कि श्रीहनुमान ही भगवान के असली सेवक और कृपापात्र हैं। तब नारदजी हनुमान के पास जाकर कहने लगे—

श्रीमन् भगवतः सत्यं त्वमेव परमप्रियः।
अहं च तत्प्रियोऽभूवमद्य यत्त्वां व्यलोकयम्॥
(बृहद्भागवतामृत १-४-६१)

* श्रीहनुमान्जी का वैदुष्य *

जब श्रीराम के पास श्रीहनुमान् सबसे पहले किष्किन्धा में पहुचे और बात करने लगे तो श्रीराम और लक्ष्मण दोनों ही उनसे बहुत प्रभावित हुए। हनुमान् का उच्चारण बहुत ही शुद्ध था। इसलिए श्रीराम विस्मय में पड़कर लक्ष्मण से कहते हैं कि ऐसा स्वर उसी का हो सकता है जिसने ऋग्वेद, यजुर्वेद और

सामवेद का अध्ययन किया हो। विना वेदों के अभ्यास से ऐसा कोई व्यक्ति नहीं बोल सकता है—

नानृग्वेदविनीतस्य नायजुर्वेदधारिणः।
नासामवेदविदुषः शक्यमेवं प्रभाषितुम्॥ कि० ३.२८

श्रीहनुमान्जी कीं बातों को दोनों भाई बडी देर तक सुनते रहे परन्तु एक भी अशुद्धि कहीं नहीं हो रही थी। श्रीहनुमान्जी को व्याकरणशास्त्र का बड़ा अच्छा ज्ञान था। श्रीरामचन्द्रजी ने भी लक्ष्मण से कहा—

नूनं व्याकरणं कृत्स्नमनेन वहुधा श्रुतम्।
वहु व्याहरतानेन न किञ्चिदपशब्दितम्॥ कि० ३.२९

लंका से लौटने पर अंगद ने श्रीहनुमान् की प्रशंसा करते हुए कहा है—

हनुमतीह सिद्धिश्च मतिश्च मतिसत्तम।
व्यवसायश्च सौर्यञ्च श्रुतञ्चापि प्रतिष्ठितम्॥

अर्थात् हनुमान् में सिद्धि, बुद्धि, साहस, वीरता और वेदादिका ज्ञान भरा हुआ है। इसलिए ज्ञानियों में इन्हे अग्रगण्यमानकर "ज्ञानिनामग्रगण्यम्" कहा है।

श्रीहनुमानजी जब समुद्रलंघन कर रहे थे उस समय देवता लोग उनके विशाल रूप को देखकर विस्मित हो गये। सुरसा के शरीर में प्रवेश कर और पुनः बाहर निकल जाना एक बडी बुद्धि मानी थी। इसलिए देवताओं ने प्रशंसा करते हुए कहाथा—

यस्य त्वेतानि चत्वारि वानरेन्द्र यथा तव।
धृतिर्दृष्टिर्मतिर्दाक्ष्यं न स कर्मसु सीदति॥
(वा० सुन्दर १.१९८)

अर्थात् जिसके पास धैर्य, दृष्टि, मति और दक्षता (आपके जैंसा) रहे वह कभी भी कार्य में असफल नहीं हो सकताहै।

वाल्मीकि ने लिखा है कि हनुमान् में पराक्रम, उत्साह, मति, प्रताप, सुशीलता, मधुरता, नीतिज्ञान, गाम्भीर्य, चातुर्य, बल और धैर्य अद्भुत हैं। उनके समान किसी दूसरे के पास ये गुण नहीं हो सकते हैं—

पराक्रमोत्साहमतिप्रताप—सौशील्यमाधुर्यनयानयैश्च ।
गाम्भीर्यचातुर्यसुवीर्यधैर्यैर्हनुमतः कोऽप्यधिकोऽस्ति लोके ॥

वा० रा. ७.३६.४४

हनुमान्‌जी को बुद्धिमानों में श्रेष्ठ कहा गया है—
"जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् ।"

वे इतने बुद्धिमान् थे कि श्रीसीताजी को विशुद्ध संस्कृत भाषा में कुछ नहीं कहना चाहते थे। वाल्मीकि ने लिखा है—

यदि वाचं प्रदास्यामि द्विजातिरिव संस्कृताम् ।
रावणं मन्यमाना मां सीताभीता भविष्यति ॥

अर्थात् ब्राह्मण की तरह अगर मैं संस्कृत में बोलूगा तो रावण समझकर श्रीसीता मुझ से डर जायगी।

बाल्मीकि रामायण के किष्किन्धाकाण्ड में श्रीहनुमान्‌जी के पाण्डित्य एवं चतुरता के विषय में स्वयं श्रीरामने कहा है—

न मुखे नेत्रयोश्चापि ललाटे च भ्रूवोस्तथा ।
अङ्गेष्वपि च सर्वेषु दोषः संविदितः क्वचित् ॥
अविस्तरमसंदिग्धमविलम्बितमव्ययम् ।
उरस्थं कण्ठगं वाक्यं वर्तते मध्यमस्वरम् ॥
संस्कारक्रमसम्पन्नामद्भुतामविलम्बिताम् ।
उच्चारयति कल्याणीं वाचं हृदयहर्षिणीम् ॥

बा. रा. किष्किन्धा ३.३०.३२

अर्थात् वार्तालाप के समय इनके मुँखसे कभी भी अप शब्द का प्रयोग नहीं हुआ है। मुख, नेत्र, ललाट, भौं आदि

अंगों पर किसी भी प्रकार की विकृति नहीं आ पायी है। असंदिग्ध, संक्षिप्त विना कारण न विस्तृत और न अस्वाभाविक संक्षिप्त वाक्य का प्रयोग मध्यम स्वर से इसने किया है। इसकी वाणी का उच्चारण संस्कार अद्भुत तथा शीघ्र हृदय को आनन्दित करनेवाला है। हृदय, कण्ठ और मूर्धा इन तीनों स्थानों के द्वारा स्पष्टरूप से अभिव्यक्त होने वाली इसकी इस प्रकार विचित्रवाणी को सुनकर किसका चित्त प्रसन्न न होगा। वस्तुत वध करने के लिए तलवार उठाये हुए शत्रु का भी हृदय इस अद्भुत वाणी से बदल सकता है।

वाल्मीकि रामायण में ही अगस्त्य ने श्रीहनुमान् की शास्त्रज्ञता और व्याकरणज्ञता की प्रशंसा की है—

ससूत्रवृत्त्यर्थपदं महार्थं ससंग्रहं सिद्ध्यति कपीन्द्रः।
न ह्यस्य कश्चित्सदृशो हि शास्त्रे वैशारदे छन्दगतौ तथैव॥
सर्वासु विद्यासु तपोविधाने प्रस्पर्धते यं हि गुरुं सुराणाम्।
सोऽयं नवव्याकरणार्थवेत्ता ब्रह्मा भविष्यत्यपि ते प्रसादात्॥

वा० रा० उत्तर ३६।४६–४७

अर्थात् श्रीहनुमान्‌जी ने सूत्र, वृत्ति, वार्त्तिक, महाभाष्य और संग्रह इन सबका पूर्णरूप से अध्ययन किया है। शास्त्रों के ज्ञान में तथा छन्दशास्त्र के अध्ययन में इनके समान दूसरा विद्वान् नहीं है। ज्ञान और तपस्या में ये बृहस्पति के समान हैं। नव व्याकरण के यथार्थज्ञाता श्रीहनुमान् निश्चय ही ब्रह्मा के समान सदा समादरणीय रहेंगे।

श्रीहनुमान् की दूरदर्शिता का उदाहरण सर्वत्र मिलते हैं। श्रीसीता कीं खोज में श्रीहनुमान्‌जी ने लंका में सूक्ष्म रूप बना कर प्रवेश किया—

सूर्ये चास्तं गते रात्रौ देहं संक्षिप्यमारुतिः।
वृषदंशकमात्रोऽथ बभूवाद्भुतदर्शनः॥

प्रदोषकाले हनुमांस्तूर्णमुत्प्लुत्य वीर्यवान् ।
प्रविवेष पुरीं रम्यां प्रविभक्तमहापथाम् ॥

वा० रा० सुन्दर २।४९-५०

वस्तुतः बहुत सोंचविचार कर हनुमान्‌जी ने रात्रि के समय सूक्ष्मरूप बनाकर लंका में प्रवेश किया था और वहां शस्त्रागार, सैन्यागार तथा रावण के ऐश्वर्य आदि का भी पता लगाया ।

जब विभीषण पहले पहल श्रीरामजी के आश्रय में आये तो सुग्रीव तथा अन्य वानर विभीषण को आश्रय नहीं देना चाहते थे । तब श्री राम ने अपना निर्णय श्रीहनुमान्‌जी पर छोड़ दिया । श्रीहनुमान्‌जी ने नीतिपूर्वक सबों को समझा कर विभषण को अपने पक्ष में कर लिया ।

(वा० रा० युद्ध १७।६४-६७)

गोस्वामी श्रीतुलसीदासजी के अनुसार भगवान् ने जब विभीषण को शरण देने का वचन दिया तो हनुमान्‌जी प्रसन्न होगये-

सुनि प्रभु वचन हरष हनुमाना । सरणागत बच्छल भगवाना ।

(रा० मा० सुन्दर ४२।५)

श्रीसीतान्वेषण करते समय हनुमान् की बहुत प्रकार से परीक्षा ली गयी थी परन्तु हनुमान् सफल निकले । उनके बाधक का हमेशा ही निवारण हुआ ।

मैनाक पर्वत के द्वारा पुनः पुनः प्रार्थना करने पर भी वे वहाँ नहीं ठहरे केवल स्पर्श करके हनुमानजी आगे बढ़ गये । नागमाता सुरसा से देवताओं ने परीक्षा के लिए श्रीहनुमान्‌जी के कार्यमें विघ्न डालने के लिए कहा था। पहले तो हनुमान्‌जी ने सुरसा से प्रार्थना पूर्वक कहा-

अथवा मैथिलीं दृष्ट्वा रामं चाक्लिष्टकारिणम् ।
आगमिष्यामि ते वक्त्रं सत्यं प्रतिशृणोमि ते ॥

अर्थात् यदि तू मुझे खाना ही चाहती है तो मैं श्रीसीता जी का दर्शन करके श्रीराम से मिलूंगा, तब मैं स्वयं तुम्हारे मुख में आजाऊँगा। सुरसा के द्वारा बात नहीं मानने पर अन्त में अपना छोटा रूप बनाकर उसके पेट में जाकर पुनः बाहर आ गये। तब नागमात ने श्रीहनुमानजी को बुद्धिबल में जीतजाने का प्रमाणपत्र दे दिया—

मोहि सुरन्ह जेहि लागि पठावा, बुधि बल मरमु तोर मैं पावा।
(रा०मा० सुन्दर १।६)

श्रीहनुमान् ने श्रीसीताजी के साथ भी बहुत बुद्धिमानी के साथ वार्तालाप किया और अशोक वाटिका में ही उन्हें सान्त्वना पूर्वक धैर्य धारण करने लायक बना दिया।

साम दाम दण्ड और भेद में दण्ड ही देना राक्षसों को उचित है ऐसा श्रीहनुमान्जी ने सोचा और लंका का नाश कर दिया।

इस प्रकार से हम देखते हैं कि श्रीहनुमान्जी निश्चय ही ज्ञानियों में श्रेष्ठ हैं। इनके जोड का विश्व में आजतक न हुआ है न वर्तमान में है न भविष्य में ही होने की सम्भावना हैं अतः अप्रतिद्वन्द्वमाहवे होनेसे सर्वातिशायी वैदुष्य वाले आप मात्र हैं।

* श्रीहनुमान्जी का राजनीतिक ज्ञान *

महावीर हनुमान के मुख से शुद्ध वचनों को सुनकर भगवान् श्रीरामचन्द्रजी ने लक्ष्मण से कहा था कि यह वानरराज सुग्रीव के सचिवोत्तम श्रीहनुमान हैं। उनके प्रथम मिलन पर ही श्रीराम ने मुग्ध होकर उनकी प्रशंसा की थी। हनुमान की प्रशंसा करते हुए तथा उनके राजनीतिक गुणों पर प्रकाश डालते भगवान् श्रीरामचन्द्र ने लक्ष्मण से कहा था—

इनकी अद्भुत वाणी को सुनकर वध करने के लिए तलवार उठाये हुए शत्रु का भी हृदय बदल सकता है। जिस राजा के पास इनके समान मन्त्र कुशल दूत न हो, वह कैसे सफल हो सकता है।१

श्रीराम-सुग्रीव के मैत्री स्थापन में श्रीहनुमान का बहुत बड़ा हाथ है। अगर सुग्रीव के पास मन्त्र कुशल, दूरदर्शी, नीतिज्ञ; मेधावी, शूरवीर और राजनीतिज्ञ मन्त्री हनुमान न रहते तो कथमपि अपने खोये हुए राज्य, अपहृत पत्नी तथा उचित सम्मान को सुग्रीव नहीं प्राप्त कर सकते थे। सुग्रीव की मित्रता टूट न जाय इस भय से दोनों के बीच अग्नि की साक्षी बना कर उसने स्थायी मित्रता कायम कर दी।

श्रीहनुमान की राजनीतिक बुद्धि ही सुग्रीव को उपर उठाने में समर्थ हो सकी है। श्रीरामचन्द्रजी ने भी कहा है कि मन्त्रो विजयमूलं हि राज्ञां भवति राघव।२ एक भी मेधावी मन्त्री राजा को पृथ्वी दिलाने में समर्थ हो सकते हैं लेकिन हजारों मूर्ख मन्त्री राजा को उपर नहीं उठा सकते हैं।३

हनुमान की अद्वितीय सूक्ष्म मन्त्रणा के कारण ही श्रीराम ने रावण को अनायास जीत लिया। जब सुग्रीव राज्यगद्दी पाकर सुख भोग में लिप्त होकर श्रीराम के कार्य को भूलने लगता है तो हनुमान अपनी राजनीतिक बुद्धि से उन्हें सचेष्ट करते हैं। वे एक सच्चे हितैषी के रूप में तथा राजनीतिक मन्त्री के रूप में सुग्रीव से निर्भीक होकर कहते हैं-

---

१ वा० रा० ४।३।३३-३५

२ वा० रा० २-१००-१६

३ एकोऽप्यमात्यो मेधावी शूरो दक्षो विचक्षणः।
राजानं राजपुत्रं वा प्रापयेन्महतीं श्रियम् ॥ वा.रा२-१००-२४

नियुक्तैर्मन्त्रिभिर्वाच्यो ह्यवश्यं पार्थिवोहितम् ।
इत एव भयंत्यक्त्वा ब्रवीम्यवधृतं वचः ।। वा.रा. ४-३२-१८

श्रीहनुमानजी ने सुग्रीव को मन्त्रणा पूर्वक श्रीरामकार्य के लिए प्रेरित किया। एक योग्यमन्त्री के समान श्रीहनुमान जी ने सुग्रीव को परामर्श दिया था। उन्होंने सुग्रीव को साम दाम दण्ड और भेद जैसी राजनीति से परिचय कराया। श्रीतुलसी-दासजी ने भी लिखा है—

इहाँ पवन सुत हृदय विचारा। रामकाजु सुग्रीव बिसारा।
निकट जाइ चरनन्हि सिर नावा। चारिहु विधि तेहि कहि समुझावा
(मानस. ४-१८-१)

श्रीहनुमानजी के कहने पर ही सुग्रीव ने वानरों को बुलाया। आदर्शमन्त्री कैसा हो इस विषय में भगवान् श्रीरामने भरत से कहा था—

कश्चिदात्मसमाः शूराः श्रुतवन्तो जितेन्द्रियाः।
कुलीनाश्चेङ्गितज्ञाश्च कृतास्ते तात मन्त्रिणः।।
(वा. रा० २-१००-१५)

वस्तुत राज्यमन्त्री के ये सभी गुण श्रीहनुमानजी में विद्यमान है।

जब रावण का भ्राता विभीषण श्रीराम की शरण में आया तो सुग्रीव, अङ्गद, जाम्बवान् आदि ने उन्हें दण्ड देने या बध करने के लिए श्रीराम को परामर्श दिया, लेकिन सूक्ष्मदर्शी श्रीं हनुमान ने कहा कि विभीषण को विना किसी संकोच के अपने शिविर में शरण दी जाय। वस्तुवः श्रीहनुमान की राजनीतिक बुद्धि के कारण ही विभीषण को अपने साथ रखकर रावण को युद्ध में परास्त करके श्रीरामचन्द्र श्रीसीताजी को पाने में समर्थहुए।

※ संगीतशास्त्र मर्मज्ञ श्रीहनुमान् ※

ज्ञानियों में श्रेष्ठ श्रीहनुमान्जी संगीत शास्त्र के मर्मज्ञ विद्वान् थे। शार्ङ्गदेव ने संगीताचार्यो में श्रीहनुमान्जी का भी नाम लिया है।[१] शारदातनय ने भावप्रकाश में संगीताचार्य आञ्जनेय का नाम लिया है।[२] संगीतरत्नाकर के टीकाकार कल्लिनाथ ने देशी राग के सम्बन्ध में आञ्जनेय मत का उल्लेख इस प्रकार किया है–तथा चाह आञ्जनेय—

येषां श्रुतिस्वरग्रामजात्यादिनियमो नहि।
नानादेशगतिच्छायादेशीरागस्तु ते स्मृताः॥

भरतकोश में श्रीरामकृष्ण कविने लिखा है कि हनुमन्मत से संगीतशास्त्र में अठारह श्रुतियाँ ही स्वीकृत है।

संगीतपारिजात में श्रीहनुमान को ही संगीतशास्त्र के प्रवर्तक माना गया है—

इस ग्रन्थ केभाष्यकार कलिन्द के अनुसार शिवद्वारा बनाया गया संगीतशास्त्र शिवमत भरत का भरतमत और हनुमान का हनुमन्मत के नाम से प्रसिद्ध है—

---

१ सदा शिवः शिवो ब्रह्मा भरतः काश्यपो मुनिः।
